

# शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया
## जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

[Government Mahatma Gandhi P. G. College Kharsia, Distt.- Raigarh (C.G.)]

Website : www.mgcollegekharsia.in Email : mggovtcollegekhs@gmail.com

## OFFICE OF THE PRINCIPAL

GOVERNMENT MAHATMA GANDHI P. G. COLLEGE KHARSIA, DIST.- RAIGARH (C.G.)

# CERTIFICATE

It is certified that compliance of letters and instructions are received from different portals, received through email from Higher Education Department Chhattisgarh Government, affiliated university and other higher offices like Commissioner of Higher Education Chhattisgarh Raipur, Additional Director AD Office Bilaspur, Lead College Raigarh. It is done in our college. The communication of letters received from the higher office is done through the website of our college and through the Whats App group created for the college officials and staff and the information related to higher education to the students is disseminated in the class wise created Whats App group for the students. And the information reaches the students through the website itself. These administrative functions of the college are controlled through the website of the college (web link - www.mgcollegekharsia.in) and through the Whats App group. The exchange of information also takes place through Whats App groups. All types of replies are given to the higher office through email. Authentic documents are attached for perusal.

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist-Raigarh (C.G.)


महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान
CG-SKY योजना अन्तर्गत

टेबलेट वितरण

दिनांकः— 22 अगस्त 2017

कक्ष क्र.— 02

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में 22 अगस्त 2017 को माननीय गिरधर गुप्ता जी पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छ0 ग0 शासन के मुख्य आतिथ्य में युवा सूचना क्रांति के तहत स्नातक व परास्नातक अंतिम वर्ष (सत्र 2016—17) के छात्र व छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे की अध्यक्षता, डॉ0 रमेश टण्डन के मंच संचालन व छात्र लिपिक संजय गुप्ता के सहयोग से टेबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में धनसाय यादव अध्यक्ष जन भागीदारी समिति एमजी महाविद्यालय खरसिया, राजेन्द्र राठौर, विजय शर्मा, सन्यासी मेहरा आदि प्रतिष्ठित व महाविद्यालय के प्रति सकारात्मक सोच लिए अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि की आसन्दी से गुप्ता जी ने छात्र— छात्राओं को टेबलेट वितरण करते हुए शुभकामनाएँ दी और कहा कि जैसे 9 अगस्त 1942 को युसूफ अली ने भारत छोड़ो का नारा दिया, अन्य देशभक्तों ने इनके साथ यह संकल्प लिया कि अंग्रेजों को भारत से भगाना है; जो 5 साल बाद 15 अगस्त 1947 को संकल्प, सिद्धि को प्राप्त हुआ और देश आजाद हो गया। उसी प्रकार आज हम 2017 को यह संकल्प लें कि 5 साल बाद सन् 2022 में हमारे पास एक नया भारत होगा जहाँ आतंकवाद, जातिवाद, गरीबी आदि का नामोनिशान न हो। इस प्रकार इन्होंने सभी छात्रों से यह संकल्प कराए, ''आतंकवाद— भारत छोड़ो, भारत छोड़ो'', ''भ्रष्टाचार— भारत छोड़ो, भारत छोड़ो'', ''गरीबी— भारत छोड़ो, भारत छोड़ो'', ''जातिवाद— भारत छोड़ो, भारत छोड़ो'', आदि—आदि। प्राचार्य डॉ घृतलहरे ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि छात्रों, जो टेबलेट आपको शासन द्वारा वितरीत किया जा रहा है उसका सदुपयोग करें, उसे अध्ययन सामग्री मानते हुए उसका लाभ उठाएँ। धनसाय यादव व विजय शर्मा ने छात्रों को टेबलेट प्राप्ति पर बधायी दी। महाविद्यालय से डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 पवन चेतानी, संजय गुप्ता, आवेश गोयल, एलडी मानिकपुरी, संदीप शर्मा, मदन मलहोत्रा, संजय मधुकर, अरूण यादव, संतोष दास, प्रो0 मनोज साहू आदि की सक्रीय भूमिका रही। सत्र 2016—17 में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 425 टेबलेट, शासन से महाविद्यालय को प्राप्त हुए एवं 385 पात्र छात्र— छात्राओं को वितरीत किए गए, शेष टेबलेट शासन को वापस कर दिया गया है।

डॉ. आर. के. टण्डन

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)


महात्मा गाँधी
कला एवं
महाविद्यालय,


महात्मा गाँधी
शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, खरसिया
IQAC


डिजिटल इण्डिया सप्ताह
01.07.2015 से 06.07.2015





# छात्रों की जरूरत को पूरा कर रही सरकार

10 नवम्बर 2015

हरिभूमि न्यूज. खरसिया

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में स्नातक व स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया।

गिरधर गुप्ता पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य, जन भागीदारी समिति महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया के अध्यक्ष धनसाय यादव के विशिष्ट आतिथ्य एवं जन भागीदारी समिति के सदस्य चितावर सिंह राठिया एवं अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में स्नातक व स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. घृतलहरे ने कहा कि टेबलेट वितरण के इस महत्वपूर्ण योजना के परिणाम स्वरूप हमारे बच्चों को एक ऐसा इलेक्ट्रानिक उपकरण मिल पा रहा है जिससे वे पढ़ाई के क्षेत्र में उसका प्रयोग करके अपने कैरियर को और अधिक उज्जवल बना सकेंगे। धनसाय यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है, इससे छात्रों को दुनिया की तमाम

**खास बात**

■ एमजी कालेज में टेबलेट वितरित

जानकारियाँ मिलेंगी और इंटरनेट का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के सामान्य ज्ञान से परिपूर्ण होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने इस योजना को लागू करके गरीब बच्चों को उच्च अध्ययन के क्षेत्र में एक उपहार दिया है, उनके भविष्य को संवारा है। मुख्य अतिथि की आसन्दी से गिरधर गुप्ता ने 'सेल्फ असेसमेंट' का उदाहरण देते हुए छात्र-छात्राओं को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आप रोज सोने से पहले एक डायरी लिखें, इसमें आप दिन भर जो कार्य करते है उसे लिखें। इससे आपको पता चलेगा कि आपने क्या-क्या कार्य किया, जो आपने किया, क्या वह सही था, आपको जो कार्य करना था, क्या उस कार्य को आपने किया, आप यह जान पाएंगे कि आपका वह दिन व्यर्थ गया या कुछ सार्थक भी रहा।

इस अवसर पर राधेलाल वर्मा, मुरली राठौर, श्रीमती गीता त्रिलोचन राठौर, महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ- साथ प्रोफेसर डीके अम्बेला, प्रो. एम एलघीरही, डा. पीएल पटेल, डा. रवीन्द्र चौबे, डा. सुषीला गोयल, प्रो. सरला जोगी, डा.आरके टण्डन, प्रो. अश्वनी पटेल, प्रो. काश्मीर एक्का एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्र संघ अध्यक्ष भानुप्रताप राठिया, सचिव सागर सिदार, सह सचिव दिलेप साहू समेत कई छात्रों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

As above scheme, Chattisgarh government distributed laptop to final year students and mobile (CG SKY) to all eligible students so that students can approach the college administration and higher education system through laptop or mobile. They read online classes also through mobiles. It is a gift of our college which is located in tribal and backward area.

(डॉ. पी.सी. घृतलहरे)
प्राचार्य
एम.जी. शास.कला एवं विज्ञान महा. खरसिया
जिला– रायगढ़ (छ.ग.)